मैं आयी डचोढ़ी में माता रानी भजन लिरिक्स

मैं आयी डचोढ़ी में माता रानी,
हरो दु:ख सारे माता रानी,
हरो दुख सारे माता रानी।bd।

दीप जलाऊं फूल चढ़ाऊँ,
नवरातों में भोज कराऊँ,
कुमारी बन आये माता रानी,
मै आयी डचोढ़ी में माता रानी।bd।

निर्धन को धन बांझ ललना पुकारे,
तेरे नाम के उगें हैं जवारे,
देदो वर कन्या को माता रानी,
मै आयी डचोढ़ी में माता रानी।bd।

शारदा रूप है मैहर अंचल,
अमर कर दियो आल्हा इंदल,
जो हारे नही रण में माता रानी,
मै आयी डचोढ़ी में माता रानी।bd।

विंध्य वासिनी विंध्याचल में,
वैष्णव रूप रमे कटरा में,
भैरव हने छुण में माता रानी,
मै आयी डचोढ़ी में माता रानी।bd।

मुम्बा जी का मुखड़ा प्यारा,
कामख्या में रूप है न्यारा,
कटै जहां महिषा माता रानी,
मै आयी डचोढ़ी में माता रानी।bd।

कलकत्ते में काली माता

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मीनाक्षी हैं भाग्य विधाता,
पूजै नर ज्ञानी माता रानी,
मै आयी डचोढ़ी में माता रानी।bd।

मैं आयी डचोढ़ी में माता रानी,
हरो दु:ख सारे माता रानी,
हरो दुख सारे माता रानी।bd।

Singer – Shiva Tripathi & Janhavi Vishwakarma
Lyrics – Udaybhan Tripathi
Music- Ajay vishwakarma
Creations – Chitrakoot Music Production

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com